# गुड़गाँव मैराथन का पहला संस्करण

## चर्चा में क्यों?

गुरुग्राम मैराथन के पहले संस्करण के लिये **अब तक 27,000 से अधिक लोगों ने पंजीकरण** कराया है।

## मुख्य बिंदु:

- **लेज़र वैली पार्क में मैराथन एक्सपो** का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रतिभागियों को **मैराथन किट** दी जाएंगी।
- प्रशासन ने अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये **कई धावक समूहों, विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, स्कूल संघों, शहर के सभी कॉर्पोरेट्स** और नागरिक समूहों के साथ कई बैठकें कीं।
- क्रिकेटर शिखर धवन इस आयोजन के **ब्रांड एंबेसडर** हैं। मैराथन को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है। इनमें से तीन प्रतिस्पर्द्धी हैं, जिनमें विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-editionof-gurgaon-marathon